# हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की कार्य परिषद की दिनांक 15.09.2025 को पूर्वान्ह 12.00 बजे (मध्यान्ह) सम्पन्न 34वीं बैठक का कार्यवृत्त

बैठक में निम्नलिखित उपस्थित हुये:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 समशेर<br>मा0 कुलपति, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | श्री अजीज अहमद<br>विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग<br>(प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग के द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 3. | प्रो0 जे0 पी0 पाण्डेय<br>कुलपति, डा0 ए0पी0जे0अ0क0 प्राविधिक विश्वविद्यालय<br>लखनऊ | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 4. | प्रो0 एस0पी0 चौरसिया<br>एम0एन0आई0टी0,<br>जयपुर | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 5. | प्रो0 डी0 परमार<br>प्रति–कुलपति, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 6. | श्री नवनीत घिडिया<br>एम0डी0 ईवा एक्जोटिका प्राईवेट लिमिटेड,<br>कोलकता | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 7. | श्री यादवेन्द्र सिंह<br>मैनेजिंग डायरेक्टर, ग्रोमोर इण्टरनेशनल लि0<br>कानपुर | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 8. | प्रो0 योगेश एम0 जोशी<br>आचार्य, केमिकल इंजी0 विभाग,<br>आई0आई0टी0, कानपुर<br>(निदेशक, आई0आई0टी0, कानपुर द्वारा नामित सदस्य) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 9. | श्री पवन कुमार<br>अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, कानपुर मण्डल, कानपुर।<br>(प्रमुख सचिव, वित्त विभाग के द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 10. | डा0 सुशील बाबू<br>क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, कानपुर मण्डल<br>(प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नामित सदस्य) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 11. | प्रो0 एस0के0 सिंह<br>मा0 कुलपति, राजस्थान प्राविधिक विश्वविद्यालय<br>रावतभाटा, रोड़, कोटा, राजस्थान | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 12. | श्री एस0के0 कटियार<br>वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 13. | प्रो0 ललित कुमार सिंह<br>अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप<br>एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | विशेष आमंत्री |

| | | |
|---|---|---|
| 14. | प्रो0 वन्दना दीक्षित कौशिक<br>अधिष्ठाता, सतत शिक्षा एवं आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन<br>एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 15. | श्री अमित कुमार राठौर<br>कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | सदस्य–सचिव |

बैठक में निम्नोक्त उपस्थित नहीं हो सके:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | प्रो0 अनिरूद्ध भालचन्द्र पंडित<br>मा0 कुलपति<br>रसायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान, मुम्बई<br>नियर खालसा कालेज, माटुंगा ईस्ट, मुम्बई–400019<br>(अध्यक्ष, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 2 | निदेशक<br>आई0आई0आई0टी0 प्रयागराज,<br>(निदेशक आई0आई0आई0टी0 प्रयागराज द्वारा नामित सदस्य | सदस्य |

मा0 कुलपति द्वारा कार्य परिषद् के समस्त उपस्थित सम्मानित सदस्यों का स्वागत करते हुये उन्हें विगत एवं वर्तमान बैठक के मध्य सम्पन्न निम्नलिखित विश्वविद्यालय गतिविधियों से अवगत कराया गया:

1. विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों हेतु प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। वर्तमान शैक्षिक सत्र 2025–26 में कुल 1714 नवप्रवेश हुये हैं।

2. नवप्रवेशित छात्रों हेतु अभातशिप के निर्देशानुसार इण्डक्शन प्रोग्राम दिनांक 18–31 अगस्त, 2025 के मध्य सम्पन्न हुआ है, जिसमें खेल कूद सुविधाओं, आध्यात्मिकता, प्रेरणादायी प्रसंग, तनाव प्रबन्धन एवं विभागों के सम्बन्ध में अवगत कराया गया।

3. शैक्षिक सत्र 2025–26 हेतु सेवायोजन अगस्त माह से शुरू हो गया है और अद्यतन 37 छात्रों का विभिन्न संस्थाओं में सेवायोजन हो गया है।

4. विश्वविद्यालय का दिनांक 20/09/2025 को निर्धारित दीक्षान्त समारोह दिनांक 19 सितम्बर, 2025 को होना पुनर्निर्धारित है, जिसमें 1015 छात्रों को डिग्री प्रदान की जायेगी। दीक्षान्त समारोह के मुख्य अतिथि श्री अरविन्दर सिंह साहनी, अध्यक्ष, इण्डियन आयल कारपोरेशन होंगे। आप सभी सम्मानित कार्य परिषद् सदस्यों को मैं समरोह में आमंत्रित करते हुये अनुरोध करता हँ कि विश्वविद्यालय के सातवें दीक्षान्त समारोह में पधार कर विश्वविद्यालय को अनुग्रहीत करें।

5. नवीन शैक्षिक सत्र 2025–26 सुचारू रूप से चल रहा है तथा प्रथम मिड सेमेस्टर परीक्षा दिनांक 22 सितम्बर, 2025 से होना निर्धारित है।

6. वित्त समिति के अनुमोदनापरान्त समस्त निष्प्रयोज्य सामग्री जिसमें ई–वेस्ट सामग्री भी सम्मिलित को नीलाम किया जाना प्रकियाधीन है।

7. विश्वविद्यालय द्वारा निःशुल्क ई0आर0पी0 साफ्टवेयर समर्थ को प्रयोग में लाया जा रहा है तथा साथ ही साथ ई–आफिस को 12/09/2025 को गो लाइव कर दिया गया है। इसी क्रम में समर्थ में अनुपलब्ध माड्यूल हेतु विश्वविद्यालय द्वारा अपना कन्सल्टेन्सी माड्यूल बनाया गया है, जिसका मा0 राज्यपाल महोदया एवं कुलाधिपति द्वारा दिनांक 19/09/2025 को शुभारम्भ किया जायेगा। इस प्रकार विश्वविद्यालय पूर्णतया डिजिटलाइजेशन की ओर अग्रसर है।

8. एच0बी0टी0यू0 को एन0आई0आर0एफ0 रैकिंग के स्टेट पब्लिक यूनिवर्सिटी स्लैब में 51 से 100 के मध्य तथा इंजीनियरिंग कालेज/संस्थान के स्लैब में 201 से 300 के मध्य स्थान प्राप्त हुआ है।

9. विश्वविद्यालय के 1999 बैच के छात्रों द्वारा अध्ययनरत छात्रों के प्रयोगार्थ 01 अदद् डोनेटेड एम्बुलेन्स विश्वविद्यालय को प्राप्त हो गई है।

10. विश्वविद्यालय एवं इण्डस्ट्री के बीच में सहयोग बढ़ाये जाने के उद्देश्य से इण्डियन थिंकर्स सोसाइटी एवं विश्वविद्यालय द्वारा एक संगम ज्ञाप किया गया है और उम्मीद है कि संगम ज्ञाप के फलस्वरूप विश्वविद्यालय परिसर में विकसित टेस्टिंग सुविधा से लेदर एवं होजरी इण्डस्ट्री लाभान्वित होंगे।

मा0 कुलपति एवं अध्यक्ष, कार्यपरिषद द्वारा उपरोक्तानुसार प्रस्तुत प्रगति आख्या के पश्चात् कार्यपरिषद की प्रत्येक बैठक में विश्वविद्यालय के एक विभाग द्वारा उनके विभाग में उपलब्ध सुविधाओं और भविष्य की योजनाओं के सम्बन्ध में प्रस्तुतीकरण दिये जाने के क्रम में प्रो0 एस0के0 शर्मा, विभागाध्यक्ष मानविकी विभाग द्वारा विभाग की प्रगति एवं भविष्य की योजनाओं के सम्बन्ध में प्रस्तुतीकरण दिया गया। प्रस्तुतीकरण में मानविकी विभाग की प्रस्तुत आख्या पर कार्यपरिषद द्वारा संतोष व्यक्त किया गया।

साथ ही मा0 कार्यपरिषद द्वारा मानविकी विभाग में पी0जी0 डिग्री प्रोग्राम की शुरुआत किये जाने तथा बाद में यू0जी0 डिग्री प्रोग्राम शुरू करने के निर्देश दिये गये।

मा0 अध्यक्ष, कार्यपरिषद के उपरोक्त उद्बोधन के उपरान्त 34वीं बैठक के मदों पर चर्चा प्रारम्भ हुई।

**मद सं0 34.01 : हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की कार्यपरिषद की दिनांक 05.08.2025 को सम्पन्न 33वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

दिनांक 05.08.2025 को सम्पन्न कार्यपरिषद की 33वीं बैठक के कार्यवृत्त को मा0 सदस्यों की टीकाओं हेतु प्रेषित किया गया था। प्रेषित कार्यवृत्त पर किसी भी सदस्य की टीका प्राप्त नहीं हुयी थी।

अतः कार्यपरिषद द्वारा 33वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण किया गया।

मद सं0 34.02 : हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की कार्यपरिषद की दिनांक 05.08.2025 को सम्पन्न 33वीं बैठक मे लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।

मा0 कार्यपरिषद ने दिनांक 05.08.2025 को सम्पन्न कार्यपरिषद की 33वीं बैठक में लिये गये निर्णयों में कृत कार्यवाही का संज्ञान लिया और संतुष्टि व्यक्त की गयी।

मद सं0 34.03 : विश्वविद्यालय की वित्त समिति की दिनांक 04/09/2025 को सम्पन्न 29वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान करने के सम्बन्ध में।

मा0 कार्यपरिषद द्वारा विश्वविद्यालय की वित्त समिति की दिनांक 04/09/2025 को सम्पन्न 29वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद सं0 34.04 : विश्वविद्यालय की विद्या परिषद की दिनांक 04/09/2025 को सम्पन्न 25वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान करने के सम्बन्ध में।

मा0 कार्यपरिषद द्वारा विश्वविद्यालय की विद्या परिषद की दिनांक 04/09/2025 को सम्पन्न 25वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद सं0 34.05 विश्वविद्यालय की विद्या परिषद में शैक्षिणिक श्रेष्ठता प्राप्त 05 व्यक्तियों को नामित करने के सम्बन्ध में।

मा0 कार्यपरिषद द्वारा विश्वविद्यालय की विद्या परिषद हेतु शैक्षणिक श्रेष्ठता प्राप्त 05 व्यक्तियों को नामित किये जाने एवं नामित व्यक्तियों से उनकी अनुशंसा प्राप्त किये जाने हेतु अध्यक्ष कार्यपरिषद को अधिकृत करते हुए सम्बन्धित प्रस्ताव को कार्यपरिषद की आगामी बैठक में प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देश प्रदान किये गये।

मद सं0 34.06 विश्वविद्यालय के कतिपय तृतीय श्रेणी कर्मचारियों की परिवीक्षा अवधि पूर्ण हो जाने पर उनके स्थाईकरण के प्रकरण पर अनुमोदन प्रदान करने के सम्बन्ध में।

मा0 कार्यपरिषद द्वारा निम्नलिखित तृतीय श्रेणी कर्मचारियों की परिवीक्षा अवधि पूर्ण हो जाने पर उनके नाम सम्मुख उल्लिखित दिनांक से विश्वविद्यालय में उनके पदों के सापेक्ष स्थाई घोषित किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

| क्रम | कार्मिक का नाम | पदनाम | पदभार ग्रहण की तिथि | स्थाईकरण की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री अंचित अग्रवाल | शोध सहायक | 11/03/2011 | 11/03/2013 |
| 2. | श्री अक्षय कुमार सिंह | शोध सहायक | 14/07/2015 | 14/07/2017 |
| 3. | श्री राहुल सिंह | शोध सहायक | 05/05/2017 | 05/05/2019 |
| 4. | श्री शैलेश कुमार सिंह | कनिष्ठ सहायक | 14/07/2015 | 14/07/2017 |
| 5. | सुश्री ममता यादव | कनिष्ठ सहायक | 31/10/2014 | 31/10/2016 |
| 6. | श्री प्रदीप कुमार यादव | कनिष्ठ सहायक | 02/01/2016 | 02/01/2018 |
| 7. | श्री सलिल अवस्थी | कनिष्ठ सहायक | 21/08/2017 | 21/08/2019 |
| 8. | श्री हरकेश मीना | कनिष्ठ सहायक | 08/02/2019 | 08/02/2021 |
| 9. | श्री शिव किशोर कुशवाहा | मैकेनिक | 14/07/2015 | 14/07/2017 |

उक्त के अतिरिक्त श्री कन्हैया लाल, कनिष्ठ सहायक को DOEACC सोसाइटी द्वारा प्रदत्त सी0सी0सी0 प्रमाण–पत्र प्राप्त करने के उपरान्त प्रकरण को कार्यपरिषद की आगामी बैठक में प्रस्तुत किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये।

मद सं0 34.07 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य मद पर विचार।

मद सं0 34.07.01 **विश्वविद्यालय के अधिसंख्य पदों पर नियुक्त तृतीय श्रेणी कर्मचारियों को स्थाई पदों पर समायोजन के उपरान्त परिवीक्षा अवधि पूर्ण होने पर स्थाई घोषित किये जाने के सम्बन्ध में।**

मा0 कार्यपरिषद द्वारा विश्वविद्यालय के निम्नलिखित अधिसंख्य पदों पर नियुक्त तृतीय श्रेणी कर्मचारियों को परिवीक्षा अवधि पूर्ण होने पर स्थाई पदों पर समायोजन किये जाने के उपरान्त उनके नाम के सम्मुख उल्लिखित दिनांक से विश्वविद्यालय में उनके पदों के सापेक्ष स्थाई घोषित किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

| क्रम | कर्मचारी का नाम | पद एवं वेतनमान | अधिसंख्य पद पर नियुक्ति की तिथि | अधिसंख्य पद से स्थाई रिक्त पद पर समायोजन की तिथि | स्थाईकरण किये जाने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री सुनील कुमार | मैकेनिक 'बी' 3200–4900 पुनरीक्षित पी0बी0 1 ग्रेड वेतन 2000 (सम्प्रति मैकेनिक 'ए' ग्रेड पे 2800) | 17/01/2008 | 01/10/2010 | 01/10/2012 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 02 | श्री सुशील कुमार | पंच ऑपरेटर 3050–4590 पुनरीक्षित पी0बी0 1 ग्रेड वेतन 1900 | 10/01/2008 | 01/08/2021 | 01/08/2023 |
| 03 | श्री प्रवीन कुमार गौतम | कैटेलागर 4500–7000 पुनरीक्षित पी0बी0 1 ग्रेड वेतन 2800 | 29/02/2008 | 01/07/2020 | 01/07/2022 |

बैठक अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समाप्त हुयी।

15/9/25

(अमित कुमार राठौर)
सदस्य–सचिव

कार्यालय – कुलसचिव
हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय
कानपुर– 208002

संख्याः990/अदम/ओटीटीएससी/कार्यपरि0–34वीं कार्यवृत्त/2025 दिनांकः 15/09/2025

प्रतिलिपिः विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कार्यालय, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को मा0 कुलपति/अध्यक्ष, कार्यपरिषद के संज्ञानार्थ।

सदस्य–सचिव